**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, यातायात लखनऊ**

पत्रांकः एसटी/एसपीसी–एनओसी–11/2016 दिनांकः जून 21, 201

सेवा में,

**अधिशासी अभियन्ता (मानचित्र सेल)**
**लखनऊ विकास प्राधिकरण,**
**विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ**

कृपया अपने पत्र संख्याः 15/एए मानचित्र सेल/2016 दिनांक 18.05.2016 का संद ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से आवेदक/मेसर्स पूर्वांचल कान्सट्रक्शन प्रा0लि द्वारा भूखण्ड संख्याः जी.एच.–2 विनम्र खण्ड गोमती नगर, लखनऊ पर प्रस्तावित (संशोधित समूह आवास मानचित्र. स्वीकृति हेतु विवरण मय मानचित्र यातायात विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु जरिये विशेष वाहक प्रेषित करते हुए यातायात पुलिस विभाग र आपत्ति/अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है।

उक्त के संबन्ध में अवगत कराना है कि **आवेदक/मेसर्स पूर्वांचल कान्सट्रक्शन प्रा0लि0 द्वारा प्रस्तुत किये गये भूखण्ड संख्याः जी.एच.–2 विनम्र खण्ड गोमती नगर लखनऊ पर प्रस्तावित (संशोधित) समूह आवास मानचित्र स्वीकृति हेतु प्रस्तावित स्थान पर** प्रस्तावित एकल आवासीय मानचित्र स्वीकृति हेतु के पत्र साथ प्राप्त आपके पत्र व संदर्भ में वॉछित स्थान पर दो/चार पहिया वाहन पार्किंग के संबन्ध में आख्या उपलब्ध करान हेतु निरीक्षक यातायात लाइन्स, लखनऊ को निर्देशित किया गया। आप के उक्त पत्र व संलग्नक के रूप में प्राप्त नक्शाजात में से पार्किंग के नक्शा (जिस पर इस कार्यालय द्वार प्रदर्श 'क' डाला गया है तथा जिस पर निरीक्षक यातायात, लखनऊ का हस्ताक्षर मय नाम की मुहर दिनांकित 09.06.2016 तथा आर्किटेक्ट A. PATWAL a.i.i.a.CA/88/11752 209-C Masjid Moth, New Delhi द्वारा हस्ताक्षर दिनांकित 09.03.2016 मय मुहर अंकित है) के संदर्भ में स्थलीय रूप से भौतिक निरीक्षण कर आख्या दिनांकित 09.06.2016 प्रेषित की गयी जो प्राप्त आख्या में अंकित शर्तो एवं बचनबद्धताओं के अधीन क्षेत्राधिकारी यातायात, पूर्वी जनपद लखनऊ के पत्र दिनांकित 09.06.2016 के माध्यम से संस्तुति सहित प्राप्त हुई है। अत क्षेत्राधिकारी यातायात, पूर्वी जनपद लखनऊ द्वारा की गयी संस्तुति के आधार पर वाहन पार्किंग के परिप्रेक्ष्य में अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया जाना समीचीन प्रतीत होता है, जो मूलरूप मे मय अनुलग्नक–74 वर्क संलग्न कर प्रेषित है। **यदि उक्त नक्शा एल.डी.ए. द्वारा निर्धारित मानक के अनुरूप है तो तदनुसार अग्रिम कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।**

**संलग्नकः यथोपरि।**

21/6/16

(हबीबुल हसन)
पुलिस अधीक्षक, यातायात,
लखनऊ

पुलिस अधीक्षक, यातायात
लखनऊ।

कृपया आप अपने पत्र संख्या:एसटी–एसपीटी–एनओसी–11/2016 दिनांक:जून 02, 2016 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे जिसमें अधिशासी अभियन्ता मानचित्र सेल लखनऊ विकास प्राधिकरण, विपिन खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ के पत्र संख्या: 15/एए मानचित्र सेल/16 दिनांक 18.06.2016 जिसमें आवेदक/मेसर्स पूर्वांचल कान्सट्रक्शन प्रा0लि0 द्वारा भूखण्ड संख्या:जी.एच.–2 विनम्र खण्ड गोमती नगर लखनऊ पर प्रस्तावित (संशोधित)समूह आवास मानचित्र समूह आवास के निर्माण एवं वाहन पार्किंग के सम्बन्ध में स्थलीय निरीक्षणोंपरान्त आख्या/आपत्ति /अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु आख्या उपलब्ध कराये जाने विषयक है।

उपरोक्त सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि यातायात निरीक्षक श्री शीतला प्रसाद पाण्डेय द्वारा उक्त स्थल का भौतिक निरीक्षण किया गया है। आवेदन पत्र में संलग्न मानचित्र में अंकित स्थल पर प्रस्तावित समूह आवासीय भवन के निर्माण व पार्किंग के सम्बन्ध मे प्रेषित की गयी आख्या सहित समस्त प्रपत्र मूल रूप में संलग्न है। यातायात निरीक्षक श्री शीतला प्रसाद पाण्डेय द्वारा प्रेषित आख्या के आधार पर आवेदन पत्र संस्तुति सहित अग्रसारित है।

रिपोर्ट सादर सेवा में अवलोकनार्थ प्रेषित है।

संलग्नक:–यथोपरि।

09/06/16

(अवनीश कुमार मिश्रा)
क्षेत्राधिकारी यातायात पूर्वी
जनपद लखनऊ

कार्यालय यातायात निरीक्षक जनपद लखनऊ

दिनांक–08.06.2016

सेवा में,

पुलिस अधीक्षक यातायात
जनपद लखनऊ।
द्वारा: उचित माध्यम

महोदय,

कृपया आप अपने पत्र संख्या:एराटी–एसपीटी–एनओसी–11/2016 दिनांक:जून 02, 2016 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे जिसमें अधिशासी अभियन्ता मानचित्र सेल लखनऊ विकास प्राधिकरण, विपिन खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ के पत्र संख्या: 15/एए मानचित्र सेल/16 दिनांक 18.06.2016 जिसमें आवेदक/मेसर्स पूर्वांचल कान्सट्रक्शन प्रा0लि0 द्वारा भूखण्ड संख्या:जी,एव,–2विनम्र खण्ड गोमती नगर लखनऊ पर प्रस्तावित (संशोधित)समूह आवास मानचित्र समूह आवास के निर्माण एवं वाहन पार्किंग के सम्बन्ध में स्थलीय निरीक्षणोंपरान्त आख्या/आपत्ति /अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु आख्या उपलब्ध कराये जाने विषयक है।

उपरोक्त के संदर्भ में सादर अवगत कराना है कि उक्त स्थल का मेरे द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया तो पाया गया कि उक्त स्थान भूखण्ड संख्या जी,एच, –2 विनम्र खण्ड गोमती नगर लखनऊ पर स्थित है जिसमें आवेदक/मेसर्स मेसर्स पूर्वांचल कान्सट्रक्शन प्रा0लि0 द्वारा भूखण्ड संख्या जी,एच,–2 विनम्र खण्ड गोमती नगर लखनऊ पर प्रस्तावित समूह आवास के निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। आवेदक/मेसर्स पूर्वांचल कान्सट्रक्शन प्रा0लि0 द्वारा भूखण्ड संख्या जी,एच,–2 विनम्र खण्ड, गोमती नगर लखनऊ पर प्रस्तावित समूह आवास निर्माण के सम्बन्ध में प्रस्तुत मानचित्र में निम्न तथ्य समाहित है।

**AREA STATEMENT:**

| | |
|---|---|
| TOTAL PLOT AREA | =8240. SQM. |
| PREM GROUND COVERAGE@35% | =2884.00 SQM. |
| PARMISSIBLE F.A.R.(1.5) | =12360 SQM. |
| TOTAL COVERED AREA | =16331.120 SQM |
| F.A.R AREA | =4939.308 SQM |
| BASEMENT AREA | =21270.428 SQM |

PARKING AREA CALCULATION

| | |
|---|---|
| P1.11.500x132.500 | =1523.750 SQM |
| P 2 54.982x 11.500 | 632293 SQM |
| P 3 22.500x11 500 | =258.750 SQM |
| P 4 11.500x45.000 | =517.500 SQM |
| TOTAL NET | 2.932.293 SQM |

N0 OF E.C.S REQUIRD FOR RESIDENTIAL =15686.417x1.5/100=253ECS
N0 OF E.C.S REQUIRD FOR COMMUNITY =644.699x2/100=12.89 ECS
TOTAL E.C.S. REQUIRD 248.19(Say 249 ECS)
E.C.S. PROVIDED IN OPEN @23SQM/CAR 2932.293/23 =127.49 ECS
E.C.S. PROVIDED UNDER @32SQM/CAR 4774.90/32 =149.22 ECS
TOTAL NO OF E.C.S. PROVIDED(SURFACE+BASEMENT) =276.71 (Say277 ECS
REQUIRD NO OF CAR SPACE PROVIDED IN OPEN 102 CARS
TOTAL NO OF CAR SPACE UNDER BASEMENT =113 CARS
TOTAL NO OF CAR SPACE PROVIDED (102+113) = 215 CARS

उपरोक्त भूखण्ड/खसरा पर समूह आवास का निर्माण होना प्रस्तावित है। उपरोक्त समूह आवास निर्माण में आने वाले वाहनों को पार्किंग हेतु बेसमेन्ट में 113 वाहनों तथा ओपेन एरिया में 102 वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था मानचित्र में दर्शायी गयी है इस प्रकार कुल 215 वाहनों की पार्किंग लखनऊ विकास प्राधिकरण योजना के मुताबिक दी गयी है। इस प्रकार उक्त स्थल पर आने वाले वाहनों से यातायात सम्बन्धी अवरोध उत्पन्न होना प्रतीत नहीं हो रहा है। उक्त स्थल पर आने वाले समस्त दो पहिया, चार पहिया एवं अन्य वाहनों की सम्पूर्ण पार्किंग बने पार्किंग स्थल के प्रांगण में ही होगी किसी भी कारण या परिस्थिति में वाहनों की संख्या में वृद्धि होने पर प्रत्येक दशा में बढे वाहनों को बने पार्किंग स्थल के प्रांगण में पार्क कराया जायेगा। इसके अलावा मेसर्स द्वारा यह भी वचनवद्धता की जाये कि इन एवं आउट गेट पर दो–दो सुरक्षा गार्ड लगाये जाये तथा भवन के प्रत्येक तल पर पी0ए0 सिस्टम लगाये जाये ताकि किसी भी वाहन के गलत पार्क होने पर सुरक्षा गार्ड द्वारा उद्घोषणा करके हटवाया जा सके। उपरोक्त के अलावा मेसर्स द्वारा यह भी वचनबद्धता की जाये की परिसर के वाहर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण जैसे, वाहन स्टैण्ड, ढेला, खोपचा, चाय–पान की दुकानें आदि नही लगने दिया जाये उपरोक्त वर्णित वचनबद्धताओं के अनुपालन में आवेदक/मेसर्स पूर्वाचल कान्सट्रक्शन प्रा0लि0 द्वारा शपथ पत्र दिया गया है जो कि मूलरूप में संलग्न है।

अतः आवेदक/मेसर्स पूर्वाचल कान्सट्रक्शन प्रा0लि0 द्वारा भूखण्ड संख्याःजी,एच,–2विनम्र खण्ड गोमती नगर लखनऊ पर प्रस्तावित समूह आवास के निर्माण पर उपरोक्त संलग्न वचनबद्धताओं के अधीन प्रस्तावित निर्माण में **वाहन पार्किंग** के सम्बन्ध में अनापत्ति प्रमाण पत्र दिये जाने की संस्तुति की जाती है।

ह0/ 29/06/16

(शीतला प्रसाद पाण्डेय)
यातायात निरीक्षक
लखनऊ

**संलग्नकः** यथोपरि से संदर्भित मानचित्र मूल रूप में वापस।

**नोटः** उपरोक्त शर्तों का अनुपालन न किये जाने एवं यातायात वाधित होने पर N.O.C निरस्त समझी जायेगी।

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

दस रुपये रु.10

TEN RUPEES Rs.10

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तर प्रदेश UTTAR PRADESH

97AC 190205

NOTARY GOVT. OF INDIA

<u>शपथपत्र</u>

समक्ष : सक्षम अधिकारी

पूर्वान्चल कन्सट्रक्शन वर्क्स प्रा0लि0 LSC-7, द्वितीय तल, पूर्वान्चल प्लाजा मयूर विहार फेस–1, नई दिल्ली – 110091।

मै अधिकृत हस्ताक्षरी डा0 जे0एस0 ठाकुर पुत्र स्व0 श्री एम0एस0 ठाकुर, निम्नलिखित बयान करता हूँ कि :–

1. यह कि शपथकर्ता के भूखण्ड सं0 GH-02, विनम्र खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, के समूह आवास निर्माण हेतु मानचित्र प्रस्तुत किया है जिसमें 215 कारों की पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है।
2. यह कि शपथकर्ता द्वारा उपरोक्त स्थित स्थल का निर्माण कराया जाना सत्य व सही है। किसी भी प्रकार की कोई कमी नही की जायेगी। यदि कोई त्रुटि पायी जाती है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शपथकर्ता की स्वयं होगी।

NOTARY YOGENDRA ... Area NOIDA G.B. Nagar Regn. No. 56/17168 GOVT. OF INDIA

3. यह कि शहर में सार्वजनिक मार्ग पर कोई यातायात व्यवस्था बाधित नही होगी।
4. यह कि शपथकर्ता द्वारा पूर्वान्चल किंग्स कोर्ट अपार्टमेंट के बाहरी द्वारों पर दो–दो सुरक्षा गार्ड लगाने की व्यवस्था की गयी है।
5. यह कि परिसर के बाहर किसी प्रकार का अतिक्रमण जैसे वाहन स्टैण्ड, ढेला खोन्चा, चाय, पान की दुकान नही लगाने दिया जायेगा।
6. यह कि शपथपत्र अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए प्रस्तुत किया जा रहा हैं
7. यह कि शपथकर्ता नियम का पालन करेगा।
8. यह कि उपरोक्त कथन सब सच व सही है।

शपथकर्ता

सत्यापन

शपथपत्र की धारा 01 से 08 तक सभी कथन सब सच व सही है जिसमें कोई भी तथ्य छिपाया नही गया है। ईश्वर मेरा साक्षी है।

शपथकर्ता

NOTARY YOGENDRA SINGH Area NOIDA G.B. Nagar Regn. No. 5577/06 GOVT. OF INDIA

ATTESTED

YOGENDRA SINGH
NOTARY NOIDA
G.B. Nagar (U.P.) INDIA

06 JUN 2016

/श्री शीतला प्रसाद पाण्डेय,
यातायात निरीक्षक, लखनऊ

कृपया अधिशासी अभियन्ता मानचित्र सेल, लखनऊ विकास प्राधिकरण, विपिन खा गोमती नगर जनपद लखनऊ द्वारा अपने पत्र संख्याः 15/एए मानचित्र सेल/16 दिन 18.05.2016 के माध्यम से **आवेदक/मेसर्स पूर्वांचल कान्सट्रक्शन प्रा0लि0 द्वारा भूखा संख्याः जी.एच.–2 विनम्र खण्ड गोमती नगर, लखनऊ पर प्रस्तावित (संशोधित) स आवास मानचित्र. स्वीकृति हेतु विवरण मय मानचित्र** यातायात विभाग से अनापत्ति प्रम पत्र जारी किये जाने हेतु जरिये विशेष वाहक प्रेषित करते हुए यातायात पुलिस विभाग आपत्ति/अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है।

अतः उक्त के संबन्ध में निर्देशित किया जाता है कि आप उपरोक्त **आवेदक/मेस पूर्वांचल कान्सट्रक्शन प्रा0लि0 द्वारा प्रस्तुत किये गये भूखण्ड संख्याः जी.एच.–2 विन खण्ड गोमती नगर, लखनऊ पर प्रस्तावित (संशोधित) समूह आवास मानचित्र स्वीकृ हेतु प्रस्तावित स्थान का** स्थलीय/भौतिक निरीक्षण करके वाहन पार्किंग/यातायात के परिप्रे में आपत्ति/अनापत्ति विषयक सुस्पष्ट आख्या क्षेत्राधिकारी यातायात, पूर्वी, लखनऊ की स्प टिप्पणी सहित यथाशीघ्र अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नकः यथोपरि।
पत्रांकः एसटी/एसपीटी–एनओसी–11/2016
दिनांकः जून 02, 2016

(हबीबुल हसन)
पुलिस अधीक्षक, यातायात
लखनऊ।

**प्रतिलिपि–** क्षेत्राधिकारी यातायात, पूर्वी, लखनऊ को उपरोक्तानुसार आ.का.हेतु।